## एक नजर में

### हाईवे पर ट्रक-बोलेरो की टक्कर में नौ घायल

**आगर-मालवा.** मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले में उज्जैन-गरोठ फोरलेन मार्ग पर आज एक ट्रक और बोलेरो वाहन की टक्कर में नौ लोग घायल हो गए. इनमें आठ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्घटना ग्राम महुड़िया के समीप हुई. बोलेरो वाहन फोरलेन मार्ग पर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आए एक अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर के कारण बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए. घ्स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी.

### कुएं में गिरे एक साथ 7 जंगली सुअर, एक की मौत

**सिवनी.** जिले के कन्हान पिपरिया गांव में दोपहर 3 बजे एक कुएं में सात जंगली सुअर गिर गए. एक साथ 7 जंगली सुअर के कुएं में गिरने से गांव में हड़कम्प मच गया. खबर मिलते ही वन विभाग और वन विकास निगम की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया. जिसमें छह सुअरों को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि एक की मौत हो गई. यह घटना ग्राम कन्हान पिपरिया निवासी किसान अनिल पाटिल के खेत में स्थित एक बिना मुंडेर वाले कुएं में हुई.

# एमपी की कृषि विरासत चमकी

**ब्रिक्स कृषि सम्मेलन** ब्रिक्स प्रतिनिधियों को भाया मप्र का ग्रामीण रंग, गोंड कला तक सबने जीता दिल

- विदेशी मेहमानों ने करीब से देखा मध्यप्रदेश का गांव
- मालवी साफा, मांदल की थाप और देसी बीजों का कमाल

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 10 जून. सूट-बूट पहने विदेशी प्रतिनिधि, सिर पर मालवी साफा, सामने जनजातीय मांदल की थाप और आसपास गांव के माहौल की झलक. ब्रिक्स कृषि सम्मेलन के बीच मंगलवार को इंदौर का ग्रामीण हाट कुछ देर के लिए अंतरराष्ट्रीय संवाद का केंद्र बन गया, जहां खेती, संस्कृति और परंपरा की भाषा बिना किसी अनुवाद के समझी जा रही थी.**

सम्मेलन कक्षों की औपचारिक चर्चाओं से बाहर निकले विदेशी मेहमानों ने जब ग्रामीण हाट में कदम रखा तो उनका स्वागत किसी सरकारी आयोजन की तरह नहीं, बल्कि गांव के मेहमान की तरह हुआ. जनजातीय कलाकारों के नृत्य और लोकधुनों ने माहौल को जीवंत बना दिया. कई विदेशी प्रतिनिधि मोबाइल कैमरों में इस दृश्य को कैद करते रहे, जबकि कुछ कलाकारों के साथ थिरकते भी नजर आए.



> ग्रामीण हाट का यह भ्रमण केवल उत्पाद प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा. इसने विदेशी मेहमानों को यह समझने का अवसर दिया कि मध्यप्रदेश में खेती सिर्फ उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा, जैव विविधता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार भी है. यही वजह रही कि लौटते समय कई प्रतिनिधि अपने साथ केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के गांवों की एक जीवंत तस्वीर भी लेकर गए.

लेकिन असली दिलचस्पी नाच-गाने से आगे स्टॉलों पर दिखाई दी. रीवा के जीआई टैग प्राप्त सुंदरजा आम का स्वाद चखने के बाद कई प्रतिनिधि उसके बारे में विस्तार से जानकारी लेते दिखे. आम की मिठास और खुशबू ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि कुछ प्रतिनिधियों ने निर्यात और विपणन की संभावनाओं पर भी चर्चा की.

ग्रामीण हाट में मौजूद सैकड़ों उत्पादों के बीच मंडला की किसान लहरी बाई का दुर्लभ बीज संग्रह सबसे अलग नजर आया. आधुनिक कृषि के दौर में जहां परंपरागत बीज तेजी से गायब हो रहे हैं, वहीं लहरी बाई द्वारा संरक्षित श्रीअन्न और अन्य देसी बीजों ने विदेशी प्रतिनिधियों का ध्यान खींचा. कई प्रतिनिधियों ने बीज संरक्षण के इस मॉडल को जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया.

बुरहानपुर के केले से बने चिप्स और कुकीज़ तो लोगों को पसंद आए ही, लेकिन केले के रेशों से तैयार वस्त्रों ने सबसे ज्यादा उत्सुकता जगाई. प्रतिनिधि यह जानने में रुचि दिखाते रहे कि जिस फसल को आमतौर पर केवल फल के रूप में देखा जाता है, उससे कपड़ा भी बनाया जा सकता है.

ग्रामीण हाट का एक दिलचस्प दृश्य उन स्टॉलों पर भी देखने को मिला जहां मध्यप्रदेश की हस्तशिल्प और वस्त्र परंपरा प्रदर्शित की गई थी. चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों की बुनावट, बाघ प्रिंट के रंग और गोंड चित्रकला की बारीकियों को विदेशी मेहमान ध्यान से देखते रहे. कई प्रतिनिधियों ने स्थानीय उत्पाद खरीदे और उनकी निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली.

आयोजन का सबसे अनौपचारिक लेकिन यादगार हिस्सा वह रहा जब विदेशी प्रतिनिधि पारंपरिक खाटों पर बैठकर स्थानीय उत्पादों से बने नाश्ते का स्वाद लेते नजर आए. सम्मेलन की औपचारिकता से दूर यह दृश्य भारतीय ग्रामीण जीवन की सहजता और आत्मीयता का परिचायक था.

# 1400 करोड़ बैंक फ्रॉड : ईडी का एक्शन

## आलिबाग के पास मुरुड में लग्जरी संपत्ति जब्त, कार्रवाई 180 करोड़ के करीब

**60** करोड़ की समंदर किनारे प्रॉपर्टी अटैच

**11** 9 करोड़ की प्रॉपर्टी पहले ही अटैच हुई लंदन की

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 10 जून. 1400 करोड़ रुपए के एसकेएनएल बैंक फ्रॉड मामले में प्रवर्तन निदेशालय इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के मुरुड क्षेत्र में आलिबाग के पास स्थित अरब सागर किनारे बनी 60 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की लग्जरी प्रॉपर्टी को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है. यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है.**

ईडी की अधिकृत जानकारी के अनुसार जांच में सामने आया है कि एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड (एसकेएनएल) के पूर्व चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन शंभुकुमार कसलीवाल ने अपने और परिवार के नियंत्रण वाली कंपनियों के नेटवर्क के जरिए बैंकों से लिए गए लोन की रकम को डायवर्ट कर उसकी लेयरिंग की. इसी डायवर्ट की गई राशि का इस्तेमाल मुरुड-आलिबाग क्षेत्र में समुद्र किनारे इस हाई वैल्यू इमूवेबल प्रॉपर्टी को खरीदने में किया, जिसे ईडी ने सीधे अपराध से अर्जित संपत्ति (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) मानते हुए अटैच किया है.

### पूरे नेटवर्क का संचालन नितिन कसलीवाल द्वारा हो रहा था

ईडी की जांच में यह भी प्रमाणित हुआ है कि विभिन्न बैंकों के कंसोर्टियम द्वारा एसकेएनएल को दिए गए लोन फंड को संबंधित कंपनियों के जरिए घुमाकर निजी संपत्तियों में निवेश किया. इस पूरे नेटवर्क का संचालन नितिन कसलीवाल द्वारा किया जा रहा था. इससे पहले ईडी ने 23 दिसंबर 2025 को पीएमएलए की धारा 17 के तहत सर्च कार्रवाई करते हुए ऑफशोर ट्रस्ट और कंपनी स्ट्रक्चर के जरिए विदेशों में रखी गई संपत्तियों के साक्ष्य जुटाए थे. इसी के आधार पर लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में बकिंघम पैलेस के पास स्थित करीब 119.55 करोड़ रुपए की एक और हाई-वैल्यू प्रॉपर्टी को अटैच किया जा चुका है. ईडी अधीकारी के अनुसार इस मामले में अब तक करीब 179.55 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं. एजेंसी द्वारा बैंक कंसोर्टियम के साथ हुए इस बड़े फ्रॉड से जुड़े अन्य प्रोसीड्स ऑफ क्राइम की तलाश के लिए जांच लगातार जारी है.

### दो बेटियों की मां का शव घर में फंदे पर लटा मिला

**शुजालपुर.** जिले में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक 28 वर्षीय विवाहिता का शव उसके ही घर की पहली मंजिल पर फंदे से लटका मिला. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. जानकारी के अनुसार मृतका अनीता राठौर 28 वर्ष पत्नी महेंद्र राठौर थीं.

### नवविवाहिता को सल्फास खिलाकर की हत्या

**उज्जैन.** जिले में नवविवाहिता को कथित रूप से जबरन सल्फास खिलाकर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बरथून गांव निवासी एक नवविवाहिता को दो जून को जहरीला पदार्थ सेवन करने की स्थिति में नागदा के जनसेवा अस्पताल ले जाया गया था. वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उज्जैन के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया. उपचार के दौरान कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा उसके मरणासन्न कथन दर्ज किए गए.मरणासन्न कथन में महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति बालकदास बैरागी ने उसके साथ मारपीट कर जबरन सल्फास की गोली खिलाई थी. उपचार के दौरान पांच जून को उसकी मृत्यु हो गई.

# लापरवाही और विवाद पर एसपी की सख्ती

## दो आरक्षक निलंबित और दो लाइन अटैच

**मंदसौर, 10 जून. जिले में कानून व्यवस्था और पुलिस अनुशासन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाते हुए चार आरक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. अलग-अलग मामलों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और अभद्र व्यवहार की शिकायतों के बाद दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया, जबकि दो अन्य को लाइन अटैच किया गया है.**

> अधिकारियों का कहना है कि पुलिसकर्मियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी और शालीनता के साथ करें. जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों या फरियादियों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार और ड्यूटी में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. इस कार्रवाई के बाद जिले के पुलिस महकमे में स्पष्ट संदेश गया है कि कार्य में कोताही, अनुशासनहीनता या गलत आचरण करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे. पुलिस विभाग ने दोहराया है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस की छवि और जनता का विश्वास कायम रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है.

जानकारी के अनुसार गरोठ थाना क्षेत्र में पदस्थ दो आरक्षकों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विवाद हो गया था. आरोप है कि दोनों आरक्षकों ने जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया.

वहीं दूसरी कार्रवाई भावगढ़ थाना क्षेत्र में की गई. यहां पदस्थ दो आरक्षकों के खिलाफ कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अन्य गंभीर शिकायतें सामने आई थीं. प्रारंभिक जांच में आरोपों को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने दोनों आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. इस संबंध में आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए गए हैं. पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई को पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

# प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या आरोपी ने भी दी जान

**पवई, 10 जून. पन्ना जिले के पवई नगर में बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां कथित प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में एक महिला की हत्या कर दी गई. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक ने भी आत्मघाती कदम उठा लिया. दोहरी मौत की इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई.**

जानकारी के अनुसार वार्ड क्र.14 स्थित अंबेडकर पार्क क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही 37 वर्षीय रजनी शुक्ला का छोटी सुनवानी निवासी 38 वर्षीय सुरेंद्र तिवारी के साथ लंबे समय से परिचय था. बताया जाता है कि बुधवार दोपहर सुरेंद्र तिवारी



महिला के घर पहुंचा. घर में प्रवेश करने के बाद उसने महिला की बेटी को बाहर भेज दिया. इसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र तिवारी ने धारदार हथियार से महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी ने भी स्वयं पर उसी हथियार से वार कर अपनी जान दे दी. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी.

# करोड़पति बनने के लालच में बाघ का शिकार

**04** तस्करों को किया गिरफ्तार

**अमरवाड़ा, 10 जून. छिंदवाड़ा जिले के हर्रई क्षेत्र में राष्ट्रीय पशु बाघ के शिकार और उसके अंगों की तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है.**

आरोपियों ने कथित तौर पर करोड़पति बनने और तंत्र-मंत्र के लालच में बाघ का शिकार किया था तथा उसकी खाल और अन्य अंगों की बिक्री की तैयारी कर रहे थे. पूर्व डीएफओ स्वरूप दीक्षित के अनुसार, विभाग को बाघ के शिकार और उसके अवशेषों की तस्करी की सूचना मिली थी. इसके बाद वन अधिकारियों ने विशेष रणनीति बनाते हुए कुछ कर्मचारियों को नकली खरीदार बनाकर आरोपियों के संपर्क में भेजा.

> पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि शिकार के बाद बाघ के अवशेष नरसिंहपुर जिले के करेली रेंज के जंगलों में दफना दिए गए थे. उनकी निशानदेही पर वन अमले ने मौके पर पहुंचकर खुदाई कर अवशेष बरामद किए. अधिकारियों का मानना है कि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से ऐसा किया था. इस कार्रवाई में एसडीओ अनादि बुधोलिया, रेंजर कीर्ति बाला गुप्ता और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. वन विभाग ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है.

तस्करों ने पहले बाघ की खाल और अन्य अंगों के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में सौदा 30 लाख रुपये में तय हुआ. जैसे ही लेन-देन की पुष्टि हुई, वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया. फिलहाल वन विभाग और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं. यह भी पता लगाया जा रहा है कि बाघ के शिकार के पीछे कोई बड़ा तंत्र-मंत्र या अवैध वन्यजीव तस्करी गिरोह सक्रिय तो नहीं था. अधिकारियों का कहना है कि वन्यजीवों के शिकार और तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई जारी रहेगी.



# कमिश्नर ने किया जिले का दौरा

नवभारत न्यूज

**दमोह, 10 जून. सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. अनिल सुचारी बुधवार को दमोह जिले के दौरे पर रहे. श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में दर्शन के बाद वे हिंडोरिया सामुदायिक अस्पताल पहुंचे. यहां उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल-चाल जाना. कमिश्नर ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण भी किया.**

इस दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, सीएमएचओ डॉ आरके अठिया, हिंडोरिया सीबीएमओ डॉ अमित मौजूद रहे.

इसके बाद कमिश्नर पटेरा के सतरिया अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्र भी पहुंचे. उन्होंने वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए.

### लापरवाही पर सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

**सिंगरौली.** उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के लंबित वेतन एवं अतिरिक्त मानदेय भुगतान संबंधी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने पर बी-पैक्स गढ़वा के सहायक समिति प्रबंधक अनिल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं ने कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता सिंगरौली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें पिछले सात माह से वेतन और अतिरिक्त मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है. उप आयुक्त सहकारिता ने संबंधित अधिकारी से निर्धारित समय सीमा में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई.विक्रेताओं द्वारा दोबारा शिकायत किए जाने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक समिति प्रबंधक अनिल सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया.

# शौर्य चक्र से सम्मानित सिपाही का गृह ग्राम में स्वागत

**रीवा, 10 जून. विंध्य की माटी ने एक बार फिर देश स्तर पर अपना परचम लहराया है. सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर सेवाएं दे रहे रीवा जिले की सिरमौर तहसील अंतर्गत डेल्ही गांव निवासी संजय तिवारी को उनकी अदम्य वीरता, असाधारण साहस और सर्वाच्च कर्तव्य परायणता के लिये राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा दिल्ली में प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है. सम्मान प्राप्त करने के बाद सीआरपीएफ जवान का आज रीवा स्थित गृह ग्राम में प्रथम आगमन हुआ है, जिस मौके पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया.**

इस मौके पर शौर्य चक्र से सम्मानित जवान संजय तिवारी नें रीवा आगमन पर हुये स्वागत पर



खुद को गौरवान्वित होना बताया. उन्होंने रीवा सहित विंध्य के युवाओं को देश के प्रति सेवा समर्पण भाव से काम करने का संदेश भी दिया. दरअसल रीवा के ग्राम डेल्ही निवासी सीआरपीएफ जवान संजय तिवारी को 2 नवंबर 2024 में जम्मू कश्मीर में आतंकवादी विरोधी अभियान के दौरान दिखाए गए अदम्य साहस का परिचय देने पर सम्मानित किया गया है. यहां अताकियों से मुठभेड के दौरान दुश्मनों की तीन गोलियां खाने के बाद भी संजय ने ना सिर्फ लश्करे तैयबा जैसे संगठन खूखार आतंकवादी उस्मान लाहौरी को मार गिराया बल्कि मौत को भी मात दे दी थी.



# लाखों की चोरी का खुलासा

**10** लाख का सामान बरामद

**सीधी, 10 जून. कोतवाली पुलिस ने लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 10 लाख का मशरूका बरामद किया है.**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफलता पूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 10 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी बरामद की है. पुलिस के अनुसार 4 जून को फरियादी हरीश मिश्र पिता अरुण मिश्रा निवासी डेनिहा, थाना कोतवाली, जिला सीधी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई.कि अज्ञात चोर द्वारा रात्रि के समय उनके घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया गया तथा अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नगद 30 हजार चोरी कर लिए गए हैं.

**आयोजन** पीएम ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के आशीर्वाद से नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा

# पीएम के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर सीएम ने की पूजा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं. इस दौरान सरकार पूरी तरह भक्ति-भाव में डूबी रही. पीएम मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भोपाल के गुफा मंदिर में आयोजित हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल हुए.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान चालीसा का श्रवण कर भगवान का पूजन अर्चन किया.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित भी किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आज़ादी के बाद निर्वाचित रूप से सबसे अधिक अवधि तक देशसेवा करने का रिकॉर्ड आज अपने नाम किया है. वे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लंबे समय तक कार्य किया है. यह सभी देशवासियों के लिए गौरवशाली क्षण है. प्रधानमंत्री मोदी, जनता के हित में एकजुटता के साथ कार्य करते हैं. वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भारत को दुनिया में नंबर-1 देश बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं.

> **हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है. देश-दुनिया से श्रद्धालु मंदिर में प्रभु श्रीराम और हनुमान जी का आशीर्वाद ले रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं. प्रभु श्रीराम की विशेष कृपा मप्र पर है. स्थानीय सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजीटल नवाचार और इन्फ्रास्ट्रक्टर निर्माण में अभूतपूर्व उपलब्धियां दर्ज की हैं. प्रधानमंत्री के मन में गरीब, किसान, नारी सशक्तिकरण और युवाओं के गहरी संवेदना हैं. मप्र को हर पल उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त हो रहा है.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक रूप से सुरक्षित है, और सीमा से बाहर भी दुश्मनों के दांत खट्टे कर भारतीय सेना ने अपनी सामर्थ्य सिद्ध की है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राम राज्य में कोई भूखा नहीं सोता था, बेटियां सुरक्षित थीं, गौमाता के पूजन के साथ-साथ सनातन संस्कृति के मंदिरों का वैभव था. प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल भी इन्हीं उपलब्धियों का साक्षी है. प्रधानमंत्री श्री मोदी सादगीपूर्ण जीवनशैली के साथ देश सेवा में समर्पित हैं.

# दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई?

- कोर्ट का फैसला पलटने की कोशिश पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर, 10 जून. न्यायिक आदेश को विभागीय फरमान के जरिए निष्प्रभावी बनाने के प्रयास पर हाईकोर्ट ने भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों के रवैये को गंभीरता से लिया है.**

ग्रीष्मकालीन अवकाश कालीन युगलपीठ के जस्टिस जीएस अहलूवालिया एवं जस्टिस दीपक खोत ने एफसीआई से जवाब तलब किया है कि न्यायालय के आदेश को दरकिनार करने की कोशिश करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है. युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि केवल कारण बताओ नोटिस जारी कर औपचारिकता निभाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि दोषी अधिकारियों की वास्तविक जवाबदेही तय होना चाहिए.दरअसल मामला अर्जुन पटेल और अब्दुल खालिद दानिश के नियमितीकरण से जुड़ा है. दोनों कर्मचारियों के पक्ष में लेबर कोर्ट ने नियमितीकरण का आदेश दिया था. एफसीआई ने इस आदेश को चुनौती दी और मामला अंततः डिवीजन बेंच के समक्ष पहुंचा. सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि लेबर कोर्ट के आदेश को विधिक मंच पर तत्काल चुनौती देने के बजाय अधिकारियों ने विभागीय आदेश जारी कर उसके प्रभाव को निष्प्रभावी करने का प्रयास किया.

बाद में जब लेबर कोर्ट में लंबित वसूली कार्यवाही रोकने का आवेदन और उसके विरुद्ध पुनरीक्षण याचिका खारिज हो गई, तब अपील दायर की गई.

> **बंधक बनाने का जिन पर है आरोप उससे की है शादी**
>
> बेटी को बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ पिता ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी. याचिका की सुनवाई के दौरान उपस्थित हुई बेटी ने हाईकोर्ट जस्टिस जी एस अहलूवालिया तथा जस्टिस दीपक खोत की युगलपीठ को बताया कि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाये गये है, उससे विवाह कर लिया है. युगलपीठ ने बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया. मऊगंज जिले निवासी गोविंद कुशवाहा की तरफ से हाईकोर्ट में दायर की गयी थी.